सीएसआईआर – केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं 35/34/2020-स्था.I

दिनांक: 10.10.2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय : सशस्त्र बल झण्डा दिवस (एएफएफडी-07 दिसंबर) हेतु संस्थान के सभी कार्मिकों के नवंबर मास के वेतन बिल से 200 रुपये की स्वैच्छिक कटौती के संबंध में।

संस्थान में कार्यरत सभी सहकर्मियों को सूचित किया जाता है कि परिषद मुख्यालय के पत्रांक 5-1(17)/2008-PD दिनांक 05.10.2023 के अनुसरण में संस्थान के सभी कार्मिकों के नवंबर माह के वेतन बिल से न्यूनतम 200 रुपये की कटौती स्वैच्छिक अंशदान स्वरूप किया जाना है और उक्त धनराशि सशस्त्र बल झंडा दिवस निधि (AFFDF) के बैंक खाते में चेक / डिमांड ड्राफ्ट/ एनईएफटी /आरटीजीएस के माध्यम से 02 दिसंबर, 2023 तक जमा करवाया जाना है। सशस्त्र बल झंडा दिवस निधि (AFFDF) में अंशदान को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 G (5) (vi) के अंतर्गत छूट प्राप्त है।

2. अतः संस्थान के जो भी कार्मिक उपर्युक्त स्वैच्छिक कटौती नहीं करवाना चाहते हैं या जो 200 रुपये से अधिक की कटौती करवाना चाहते हैं, वे अपनी लिखित सहमति दिनांक 20 अक्टूबर, 2023 तक संस्थान के आहरण एवं संवितरण अधिकारी श्री राजन तिर्की, अनुभाग अधिकारी (स्था. I) को प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा माना जाएगा कि आपकी सहमति है और तदनुसार सशस्त्र बल झंडा दिवस निधि (AFFDF) के लिए नवंबर माह के वेतन बिल से 200 रुपये की कटौती की जाएगी।

(जयशंकर शरण)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि : –

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रधान निजी सचिव, प्रशासन नियंत्रक / प्रशासनिक अधिकारी
3. श्री राजन तिर्की, आहरण एवं संवितरण अधिकारी – आवश्यक कार्रवाई हेतु
4. वित्त एवं लेखा अनुभाग – आवश्यक कार्रवाई हेतु
5. नेटवर्क प्रबंधन प्रकोष्ठ – सीरी वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
6. समस्त सूचना पट्ट